लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2080
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
वर्ष 5, अंक 8, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये
बरेली, शनिवार, 25 नवंबर 2023
www.amritvichar.com

PAGE NO. 08 : BOTTOM

टेक्नोलाजी जरूरी पर इसका सही हो इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

'टेक्नोवैगेंजा' में दीप प्रज्जवलित करते चेयरमैन देव मूर्ति।

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलाजी एंड रिसर्च (एसआरएमएस सीईटीआर) में शुक्रवार को टेक्निकल फेस्ट 'टेक्नोवैगेंजा 2023'' आयोजित हुई।

टेक्नोफेस्ट में कोड सेंस, एपटेक कैटेचिजेशन, स्कावेंजर हंट, इनोवेटिव माइंड, वेब बैटल, ऐस द मीडिया, टेक विज जैसी स्पर्धाओं में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने टेक्नोवैगेंजा का उद्घाटन किया और समाज हित में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर जोर दिया। कहा कि आज की लाइफ में टेक्नोलाजी का महत्वपूर्ण स्थान है। हर वक्त और हर क्षेत्र में इसकी मदद आवश्यक बन गई है। विद्यार्थियों ने टेक्नोलाजी और मानवीय संबंधों को प्रदर्शित करते हुए स्किट का मंचन किया। इसमें बुजुर्ग पिता और उसकी मदद करने वाले रोबोट के संबंधों को प्रदर्शित किया गया। प्रिंसिपल डा.एलएस मौर्य ने सभी का स्वागत किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट प्रदान किए। डॉ.मानवी मिश्रा ने स्पर्धाओं व नियमों की जानकारी दी। संचालन रुचि शाह ने किया। डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ.अनीस चंद्रन, डॉ. अनुज कुमार, डॉ.नसीम अख्तर, डॉ. आरती गुप्ता, केके अग्रवाल, अंकित कुमार खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।